S.A. :- II - 2019

धोरण :- 8 कुलगुण :- 40 Date:-

विषय :- हिन्दी

विभाग :- A

1	A - दरगाह	21	B - दैनंदिनी
2	C - रास्ता	22	C - बंदरगाह
3	A - अमृत	23	B - इंसान को
4	C - अविश्वास	24	A - ईश्वर
5	B - शेरनी	25	C - मरा हुआ
6	C - दासी	26	A - तूफान
7	B - माताएँ	27	C - मंदिरमें
8	A - तिथियाँ	28	C - तंबू
9	C - समर्पण	29	B - छाता
10	A - रेगिस्तान	30	A - मांडवी में
11	A - मोहित होना	31	B - प्यार
12	C - लज्जित होना	32	A - काशी विद्यापीठ में
13	B - मनोहर	33	C - शिवमंगलसिंह 'सुमन'
14	C - पतवार	34	B - डाकू
15	A - मुख + इक = मौखिक	35	A - संचालक
16	C - निर + दोष = निर्दोष	36	C - दो
17	B - प्रतिदिन	37	B - हवाईसेना
18	A - भूतकाल	38	C - मस्जिद
19	B - दयावान	39	A - लालबहादुर शास्त्री
20	A - तुम	40	A - पछताने की

S.A. :- II : 2019

धोरण :- 8 कुल गुण :- 40 Date:-

विषय :- हिन्दी

विभाग :- B

प्रश्न-1 निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर तीन-चार वाक्य में दीजिए। (गद्य) (किन्हीं चार) (8)

(1) शास्त्रीजी के संसदीय जीवन की शुरुआत कैसे हुई ?

→ शास्त्री जी में कार्य के प्रति गहरी निष्ठा थी। वे मेहनत करने की अदम्य क्षमता भी रखते थे। अपने इन्हीं गुणों के कारण सन् 1937 में वे संयुक्त प्रांत की व्यवस्थापिका सभा के लिए निर्वाचित हुए। स्वतंत्रता-प्राप्ति के बाद कई बार वे संसद के लिए चुने गए। परंतु उनके संसदीय जीवन की वास्तविक शुरुआत सन् 1937 के निर्वाचन से ही हुई।

(2) बाबा भारती अपना समय कैसे बिताते थे ?

→ बाबा भारती गाँव के बाहर एक छोटे-से मंदिर में रहते थे और भगवान का भजन करते थे। उन्होंने एक घोड़ा पाल रखा था जिसे वे 'सुलतान' कहकर पुकारते थे। भगवान के भजन से जो समय बचता, उसे वे घोड़े की सेवा में लगाते थे। वे अपने हाथ से उसका खरहरा करते और उसे दाना खिलाते थे। संध्या समय वे सुलतान पर सवार होकर आठ-दस मील का चक्कर काटते थे। इस प्रकार बाबा भारती अपना समय बिताते थे।

हरेकना २ गुण

(3) दुकानदार से ग्राहक ने ताले के बारे में क्या कहा ?

→ दुकानदार से ग्राहक ने ताले के बारे में कहा, आपके पास खैर ताला तो होना चाहिए। दुकानदार ने कहा, है ही ! ग्राहक ने कहा - जी नहीं, उसे अपनी दुकान पर लगाइए और घर जाकर आराम कीजिए।

(4) कच्छ के रेगिस्तान की विशेषता बताइए।

→ कच्छ में रेगिस्तान के दो स्वरूप देखने को मिलते हैं। एक छोटा रेगिस्तान, दूसरा बड़ा रेगिस्तान। इन दोनों में रेगिस्तान का कोई लक्षण दिखाई नहीं देता। रेत कहीं भी नजर नहीं आती। इसलिए यह अनूठा रेगिस्तान है।

Date:-

(5) खड्गसिंह ने सुलतान को कैसे प्राप्त किया ?

→ एक दिन संध्या समय बाबा भारती सुलतान पर सवार होकर घूमने निकले। रास्ते में उन्होंने एक अपाहिज की करुणाभरी आवाज सुनी। उसने बाबा से घोड़े पर रामावाला गाँव पहुँचाने की प्रार्थना की। बाबा ने तरस खाकर उस अपाहिज को घोड़े पर बिठा लिया और स्वयं लगाम पकड़कर चलने लगे। सहसा उस अपाहिज ने झटका देकर बाबा भारती के हाथ से लगाम छीन ली और वह घोड़े को ले भागा। वह अपाहिज और कोई नहीं, डाकू खड्गसिंह ही था। इस प्रकार खड्गसिंह ने सुलतान को प्राप्त किया।

प्रश्न-२ निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर तीन-चार वाक्य में दीजिए। (पद्य) (किन्हीं चार) (8)

(1) लोगों ने भगवान को किस प्रकार बाँट किया है ?

→ कुछ लोगों के भगवान मंदिर में तो कुछ लोगों के भगवान मस्जिद में रहते हैं। कुछ लोगों ने अपने भगवान के लिए गिरजाघर बनाए हैं। एक ही भगवान को लोगों ने अलग-अलग ढंग से देखा है। वे उनकी अलग-अलग तरीके से पूजा करते हैं। इस तरह लोगों ने भगवान को बाँट किया है।

(2) बिना सोचे कार्य करने से क्या होता है ?

→ सोच-समझकर कार्य करना ही बुद्धिमानी है। बिना सोचे-समझे कार्य करने से कार्य बिगड़ जाता है। कार्य बिगड़ने से पछतावा होता है। इतना ही नहीं दुनिया में हँसी होती है। लोग तरह-तरह के ताने मारकर मजाक उड़ाते हैं। इस तरह बिना सोचे-समझे कार्य करनेवाले को उसका बुरा परिणाम भोगना पड़ता है।

(3) माँझी का हाथ कब तक नहीं रुकता है ?

→ समुद्र अगर शक्तिशाली है तो मिट्टी का पुतला माँझी भी कम नहीं है। उसमें अद्भुत साहस और अनोखी शक्ति है। इसलिए वह कभी थकता नहीं है। जब तक उसके शरीर में प्राण है, जबतक उसकी साँसों में चेतना है, तब तक माँझी का हाथ रुकने का नाम नहीं लेता। वह संघर्ष करना नहीं छोड़ता। इस प्रकार माँझी अपने अंतिम साँस तक कार्य करता है।

Date:-

(4) काले रंग का फूल कब खिलता है?

→ लोग तेज धूप और बरसात से बचने के लिए सिर पर छाता खोलते हैं। छाता काले रंग का होता है। इसप्रकार तेज धूप और बरसात में काले रंग का फूल खिलता है।

(5) रहीम बड़े लोगों की क्या विशेषता बताते हैं?

→ रहीम कहते हैं कि बड़े लोग कभी अपने मुख से अपनी बड़ाई नहीं करते। वे कभी बड़े बोल नहीं बोलते। बड़ी-बड़ी बातें कर अपना बड़प्पन दिखाना उनके स्वभाव में नहीं होता। जैसे हीरा कीमती रत्न होता है, पर स्वयं अपनी कीमत नहीं बताता, उसी तरह बड़े लोग खुद कभी अपनी प्रशंसा नहीं करते।

प्रश्न-3 (अ) निम्नलिखित परिच्छेद का मातृभाषा में अनुवाद कीजिए। (4)

नलिया से एक घंटे ....

.... बड़ा आकर्षण है।

→ નલિયાથી એક કલાકનો પ્રવાસ કરી 'નારાયણ સરોવર' પહોંચાય છે. તે અત્યંત પ્રાચીન, પૌરાણિક, ધાર્મિક સ્થળ છે. આ સ્થળ રામાયણકાળનું ગણાય છે. ત્યાં કોટેશ્વર નામનું દર્શનીય મંદિર છે, જ્યાંથી રાવણ પસાર થયો હતો. તે સમગ્ર ભારતનું પ્રાચીન સ્થળ ગણાય છે. સૂર્યોદય અને સૂર્યાસ્તનાં દર્શનનું અહીં મોટું આકર્ષણ છે.

(ब) निम्नलिखित परिच्छेद को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दीजिए। (4)

(1) रात्रि के अंधकार में खड्गसिंह कहाँ पहुँचा?

→ रात्रि के अंधकार में खड्गसिंह बाबा भारती के मंदिर में पहुँचा।

Date:-

(२) रात्रि का वातावरण कैसा था ?
→ चारों ओर सन्नाटा था । आकाश में तारे टिमटिमा रहे थे ।

(३) खड़गसिंह ने क्या पकड़ा हुआ था ?
→ खड़गसिंह सुल्तान की बाग पकड़े हुए था ।

(४) बाबा भारती क्या लेकर पहरा देते थे ?
→ बाबा भारती स्वयं लाठी लेकर पहरा देते थे ।

(फ) रूपरेखा के आधार पर कहानी लिखकर उचित शीर्षक दीजिए । (४)

→ कहानी का शीर्षक — घमंडी शेर
सीख — हमें सब के साथ मिलजुलकर रहना चाहिए ।

विषयवस्तु :- २½
भाषाशुद्धि :- ०½
वर्तनी शुद्धि शब्द :- ०½
शीर्षक :- ०½

Date:-

प्रश्न-4 (अ) निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर निबंध लिखिए। (7)

(1) लाल बहादुर शास्त्री (2) मेरी यात्रा

विषयवस्तु	:-	$4\frac{1}{2}$
भाषा शुद्धि	:-	1
वर्तनी शुद्धि शब्द	:-	$1\frac{1}{2}$

कुल गुण 7 गुण

(ब) प्रवास का वर्णन करते हुए अपने मित्र को पत्र लिखिए। (5)

विषयवस्तु	:-	$2\frac{1}{2}$
पता	:-	1
संबोधन	:-	$0\frac{1}{2}$
लिखितन	:-	$0\frac{1}{2}$
वर्तनी शुद्धि शब्द	:-	$0\frac{1}{2}$

कुल गुण 5 गुण

अथवा

(ब) वार्षिक परीक्षा के एक दिन पूर्व के अनुभव को डायरी के रूप में लिखिए।

विषयवस्तु	:-	$2\frac{1}{2}$
भाषाशुद्धि	:-	$1\frac{1}{2}$
वर्तनी शुद्धि शब्द	:-	1

कुल गुण 5 गुण

प्राश्निक :- मोदी नवीनभाई यु.
डी.एन. उच्च प्रा. विभाग,
खानंद.
मो:- 9909451876